राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–54 (लो०सू०अ०) / 2023–24

सुश्री संदीपा कुमारी, पिता–हरिनंदन सिंह, शेम्मुआ वार्ड सं.–14, पो.+था.–दलसिंहसराय, जिला–समस्तीपुर–848114

बनाम

कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा–846004

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
11.07.2023	सुश्री संदीपा कुमारी, पिता–हरिनंदन सिंह, शेम्मुआ वार्ड सं.–14, पो.+था. –दलसिंहसराय, जिला–समस्तीपुर–848114 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–03.07.2023 इस कार्यालय मे दिनांक–11.07.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में कोई साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है। अपीलार्थी सुश्री संदीपा कुमारी ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–08.05.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी–सह–कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया है, जिसके फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार–सह–कुलाधिपति के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–08.05.2023 की प्रति भी संलग्न है। विदित हो कि कोई भी विश्वविद्यालय एक स्वायत (Autonomous) संस्था है तथा यह सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत एक स्वतंत्र लोक प्राधिकार है, जिसके कारण संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा अपने विश्वविद्यालय के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार को Designate किया जाता है। अतः विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दायर होने वाले आवेदन के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार उक्त विश्वविद्यालय के अंतर्गत ही रहते हैं न कि राज्यपाल सचिवालय अथवा कुलाधिपति कार्यालय में। अपीलकर्त्ता सुश्री संदीपा कुमारी ने गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है, अतः इसे अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। 11/7/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापांक- 1114/रा०स०(न्या) दिनांक- 13-07-2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी-सह-कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा/सुश्री संदीपा कुमारी, पिता-हरिनंदन सिंह, शेम्मुआ वार्ड सं.-14, पो.+था.-दलसिंहसराय, जिला-समस्तीपुर-848114को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/7/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी